# लौह अयस्क युक्त पानी पीने को विवश रामनगर के ग्रामीण

**रखरखाव की अनदेखी से चापानल से नहीं मिल रहा स्वच्छ पेयजल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामनगर गांव में स्थित एक सरकारी चापानल से लौह अयस्क मिला पानी निकलने से ग्रामीणों को पीने के लिए स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश दोनों है। ग्रामीण रामजन्म राम के अनुसार, मरम्मत कार्य के दौरान लोहे का एक पाइप चापानल के अंदर गिर गया था, जो अब जंग खाकर पानी में लौह अंश के रूप में मिल रहा है। इससे पानी का स्वाद व रंग प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जल की मांग तेजी से बढ़ी है, लेकिन इस चापानल से तुरंत पानी नहीं मिल पाता। काफी देर तक चलाने के बाद ही यह उपयोग लायक हो पाता है। ऐसे में प्यासे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को परेशानी होती है। गांव के अधिकांश घरों के अलावा अप-डाउन रूट की मालगाड़ियों के चालक और गार्ड भी इस चापानल पर निर्भर हैं। रेलवे लाइन के समीप स्थित होने के कारण ट्रेन रुकने पर अक्सर रेलकर्मी यहीं पानी भरते हैं, पर उन्हें भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को दी गई थी, बावजूद इसके चापानल की मरम्मत और रखरखाव की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासनिक स्तर पर जल संकट से निपटने की तैयारियों के दावे किए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आती है। चापानल की बदहाल स्थिति विभागीय अनदेखी को उजागर करती है। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति गहरा असंतोष है।

## नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर जबरन ले जाने वाले आरोपी जेल भेजे गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर जबरन वाहन पर बैठाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को मिली लिखित शिकायत के अनुसार, चेगौना गांव के निवासी अफसर अंसारी (उम्र 19 वर्ष) और बिलाल अंसारी (उम्र लगभग 20 वर्ष) पर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ कर जबरन ले जाने का आरोप था। दोनों आरोपियों को छतरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त व सुंदरीकरण की मांग निरीक्षण के बाद भी नहीं हुई पहल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर के समीप बहने वाली हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त कर गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता सैयद जक्की हुसैन रिजवी उर्फ शम्मू हुसैन ने उपायुक्त से की है। उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व जेएमएम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ, सीओ और नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में नदी के अस्तित्व की रक्षा, जल संचयन हेतु गहरीकरण और नक्शे के अनुरूप अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। इसकी प्रतिलिपि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री तथा उपायुक्त को भी भेजी गई थी। हालांकि प्रशासन द्वारा निरीक्षण और मापी के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन देने वालों में नजीर अहमद, विक्टर वेंगरा, प्रदीप पटेल, शक्ति पासवान आदि युवा शामिल थे। उन्होंने युवाओं से इस मुद्दे पर एकजुट होकर पहल करने का आह्वान किया है।

# संदेहास्पद मौत मामले में छत्तीसगढ़ की युवती की हुई पहचान

**▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** महेन्द्रा पेट्रोल पंप के समीप किराए के मकान में रह रही छत्तीसगढ़ की एक 20 वर्षीय आर्केस्ट्रा डांसर की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान लखनपुर (छत्तीसगढ़) के नवा पारा निवासी रिया कुमारी के रूप में हुई है, जिनके परिजन वर्तमान में अंबिकापुर में किराए के मकान में रहते हैं। रिया की सहकर्मी नीतू कुमारी ने बताया कि वे रिया, प्रतिज्ञा, अन्नू और दो युवक चांद व विष्णु के साथ एक ही कमरे में रहती थीं। उन्हें शादी समारोह और आर्केस्ट्रा कार्यक्रमों में डांस के लिए छतरपुर के एक युवक द्वारा बुलाकर इस मकान में ठहराया गया था। बताया गया कि शनिवार शाम शौच से लौटने के बाद रिया को सिर दर्द और उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद मकान मालिक के बेटे ने उसे दो इंजेक्शन दिए। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और रात 9 बजे उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिया के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। सहकर्मी नीतू कुमारी ने यह भी आरोप लगाया कि आयोजक द्वारा उन्हें कार्यक्रम के लिए भुगतान नहीं किया गया था, इसी कारण वे लोग छतरपुर में रुकी हुई थीं। स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ और बंगाल से सैकड़ों लड़कियों को डांस कार्यक्रमों के नाम पर छतरपुर में लाकर विभिन्न किराए के मकानों में रखा गया है।

## आईटीआई के पीछे जल जमाव से स्कूली बच्चे परेशान, दस दिन बाद भी नहीं हुआ समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो और तीन में स्थित हुसैनाबाद आईटीआई के पीछे जलजमाव की समस्या विकराल हो गई है। नाली का गंदा पानी सड़कों पर जमा है जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता नजीर अहमद उर्फ मिथुन और पूर्व पार्षद राजेन्द्र पाल ने कई बार प्रशासन को सूचना दी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने उपायुक्त से इस जनसमस्या के समाधान की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने कहा कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और बरसात से पहले इस नाली और सड़कों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शराब दुकान पर मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान पर 5 जून को ग्राहक और सेल्समैन के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुर्मी टोला निवासी उमेश कुमार पटेल ने आवेदन में आरोप लगाया है कि वह शराब खरीदने गया था, जहां सेल्समैन रिंकू सिंह ने प्रिंट रेट से अधिक पैसा मांगा। विरोध करने पर रिंकू ने अन्य साथियों को बुलाकर दुकान के अंदर ले जाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। वहीं, लठेया थाना क्षेत्र के काला पहाड़ गांव निवासी शराब दुकान के सेल्समैन अनिल राम ने उमेश कुमार चौधरी और अन्य तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चारों व्यक्ति नशे की हालत में दुकान पर आए और दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगे। मना करने पर दुकान में घुसकर बीयर की बोतल से मारपीट की गई। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

## प्राकृतिक आपदा की आशंका के बीच उपभोक्ताओं को जून में मिल रहा तीन माह का राशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्र सरकार के निर्देश पर प्राकृतिक आपदा जैसे मॉनसून और बाढ़ के संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए जून माह में राशन कार्डधारकों को जून, जुलाई और अगस्त का खाद्यान्न अग्रिम रूप से दिया जा रहा है। 15 जून तक जून-जुलाई और 16 से 30 जून के बीच अगस्त महीने का राशन वितरित किया जाएगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने बताया कि इसके लिए मई माह में ही खाद्यान्न का उठाव कर लिया गया है। सभी डीलरों को गोदाम व्यवस्था सुनिश्चित करने और समय पर वितरण के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही 30 जून तक सभी कार्डधारकों का ई-केवाईसी भी अनिवार्य कर दिया गया है। जिनका ई-केवाईसी नहीं होगा, उनका आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे इस योजना की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं।

# नवागढ़ कंदाखाड़ में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई सड़क, गांव को आदर्श बनाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के माड़न पंचायत अंतर्गत नवागढ़ गांव के कंदाखाड़ टोले में ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर और संकीर्ण मुख्य सड़क का समतलीकरण एवं चौड़ीकरण कर लगभग आधा किलोमीटर सड़क का निर्माण किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी उपेक्षा से तंग आकर उन्होंने स्वयं बैठक कर गांव की समस्याओं के समाधान हेतु पहल करने का निर्णय लिया। अमरेश कुमार सिंह, बसंत सिंह, सुरेश सिंह आदि ने बताया कि आने वाले समय में गांव में लाइब्रेरी, सिंचाई, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा व्यवस्था पर भी कार्य किया जाएगा। पंचायत मुखिया ने ग्रामीणों की पहल की सराहना करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## पंडवा में 11 हजार केवी बिजली तार जमीन से तीन फीट की दूरी पर, ग्रामीणों में दहशत



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** प्रखंड के लोहड़ी गांव में 11 हजार केवी का विद्युत तार जमीन से मात्र तीन फीट की ऊंचाई पर लटक रहा है। यह तार लगभग तीन किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें कौआ तालाब के आसपास की स्थिति सबसे चिंताजनक है। सूत्रों के अनुसार फिलहाल इस लाइन में बिजली आपूर्ति रोकी गई है, लेकिन तार वहीं लटक रहा है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

## ऑक्सीजन प्लांट के बावजूद मरीजों को नहीं मिल रही सुविधा, रेफर की आदत पर पूर्व मंत्री ने जताई चिंता



**हैदरनगर।** हुसैनाबाद के पूर्व विधायक और झारखंड सरकार के पूर्व काबीना मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल अस्पताल में उनके कार्यकाल में लगवाया गया ऑक्सीजन प्लांट आज भी मरीजों को लाभ देने में विफल है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण गंभीर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जो निंदनीय है। साथ ही उन्होंने एंबुलेंस की मनमानी, बिजली आपूर्ति की बदहाली और अस्पतालों में लापरवाही को गंभीर विषय बताया। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते अनुशासन नहीं लाया गया, तो इसके गंभीर दुष्परिणाम होंगे। संवाद में पार्टी नेता अजित कुमार सिंह, प्रभात सिंह, विरेंद्र सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## जलसहिया व सखी मंडल की दीदियों ने मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति फैलाया जागरूकता

# चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान ने हाथ पर लाल बिंदी लगाकर दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान के छठे चरण के अंतिम चरण में लटपौरी पंचायत में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता तेजी से फैल रही है। जलसहिया और सखी मंडल की दीदियों ने हाथ पर लाल बिंदी लगाकर ह्यरेड डॉट चैलेंजह्व के माध्यम से संदेश दिया, जिससे गांव की गलियों और परिवारों में इस विषय पर संवाद आरंभ हुआ है। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि मुखिया उमेश राम और उपमुखिया शशि देवी के नेतृत्व में जलसहिया व सखी मंडल की दीदियों ने मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और मिथकों को तोड़ने, अपशिष्ट निपटान व भस्मक के उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया है। इस प्रयास में जलसहिया सोना, मंजु, मीना, पूनम और उर्मिला देवी, स्वास्थ्य सहिया अनीता देवी और एफएलसीआरपी पूनम कुमारी समेत सखी मंडल की सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई।

### नागपुरी थोपना पलामू-गढ़वा की अस्मिता पर हमला है: सूर्या सिंह

**हुसैनाबाद।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा 2025 में पलामू और गढ़वा जिलों में नागपुरी को क्षेत्रीय भाषा घोषित करने के फैसले पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सूर्या सिंह ने तीखा विरोध जताया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि यह फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की पलामू-गढ़वा की संस्कृति, भाषाई पहचान और जनभावनाओं के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। सूर्या सिंह ने इसे न केवल भाषा परिवर्तन, बल्कि भोजपुरी और मगही जैसी स्थानीय भाषाओं को समाप्त करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि सदियों से यहां के लोग इन भाषाओं में जीते आए हैं और नागपुरी को थोपना क्षेत्रीय अस्मिता पर सीधा आघात है।

## हुसैनाबाद विस क्षेत्र में स्कॉलरशिप टेस्ट सम्पन्न, 15-16 जून को होगी काउंसलिंग

**▸ 105 छात्रों को मिलेगा 100 तकनीकी शिक्षा स्कॉलरशिप, जेवाईएसएस के के विश्वा ने दी जानकारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्वर्गीय सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तकनीकी शिक्षा स्कॉलरशिप टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा बक्सी उच्च विद्यालय जपला, आरके +2 उच्च विद्यालय हैदरनगर, और सीता विद्यालय हरिहरगंज के तीन केंद्रों पर आयोजित हुई, जिसमें कुल 840 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा में सफल छात्रों की काउंसलिंग 15 व 16 जून को हुसैनाबाद टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के बाद 105 चयनित छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। जेवाईएसएस प्रमुख और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के विश्वा ने बताया कि इस क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा का कोई संस्थान नहीं है, जिससे छात्रों को करियर मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा एक अभियान है, जो छात्रों को तकनीकी शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं की ओर प्रेरित करती है। हमारा उद्देश्य है कि हुसैनाबाद क्षेत्र के बच्चे तकनीकी शिक्षा लेकर आत्मनिर्भर बनें और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हों।

## बाइक न मिलने से नाराज युवक ने की आत्महत्या, कमरे से मिला नोट्स

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीएलए कॉलेज गेट के पास 25 वर्षीय युवक शशिकांत प्रजापति ने अपने घर में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। मृतक के कमरे से एक कॉपी बरामद हुई है जिसमें कई पन्नों में उसने अपनी आत्महत्या के पीछे की वजहें लिखी हैं। परिजनों के अनुसार घटना रविवार सुबह लगभग 10 बजे की है। जब शशिकांत की मां ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। शशिकांत फंदे से झूल रहा था। परिजनों ने बताया कि वह कुछ दिनों से बाइक खरीदने की जिद कर रहा था, लेकिन घर में उसकी बात नहीं मानी जा रही थी। मृतक की कॉपी में लिखा है, "सॉरी मां, मैं कुंभकर्ण हूं, मेरी जिंदगी से सब कुछ दूर होता चला गया। मैंने जो भी काम शुरू किया, वो ठीक से नहीं हो पाया। पहला काम कैमरा वाला – उसमें पैसा फंसा, फिर गैस गोदाम में भी बात नहीं बनी।"

# हंटरगंज में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

- 940 बोतल नकली शराब व 10 लीटर स्प्रिट जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**हंटरगंज (चतरा)।** पुलिस ने कन्दावार नदी किनारे चल रही नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में 940 बोतल नकली विदेशी शराब, 10 लीटर स्प्रिट, भारी मात्रा में खाली बोतल, ढक्कन, स्टीकर व अन्य सामग्री बरामद की गई है। इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा ने बताया कि कन्दावार निवासी मंटू कुमार द्वारा ईंट भट्ठा के पास नकली शराब बनाई जा रही थी। छापेमारी में रॉयल स्टैग, आइकॉनिक वाइट और एसआर बी7 ब्रांड की 940 बोतल शराब जब्त हुई। साथ ही 14 बोरा व 12 कार्टन खाली बोतल, 6 ड्रम, 3 प्लास्टिक जार, 29 ढक्कन, 21 ब्रांड स्टीकर और 10 लीटर स्प्रिट जैसा तरल पदार्थ भी मिला। पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, एसआई कृष्णा कुजूर, आरक्षी चरकू यादव, दिलीप कुमार सिंह, अशोक कुमार, सहायक पुलिस सुरेन्द्र भुइयां व चौकीदार श्रवण पासवान शामिल थे।

# घोर कुपोषित कोरबा महिला का एमआरएमसीएच में हुआ सफल प्रसव

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) में बुधवार को एक घोर कुपोषित कोरबा महिला का अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सुरक्षित प्रसव कराया गया। रामगढ़ अंचल की 18 वर्षीय महिला आदिम जनजाति समुदाय से संबंधित है। प्रसव पीड़ा होने पर उसे पहले गढ़वा जिले के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया।

अस्पताल पहुंचने पर महिला के शरीर में मात्र 3 ग्राम हीमोग्लोबिन पाया गया, जिससे विभागीय चिकित्सकों को प्रसव कराने में कठिनाई महसूस हुई। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत 2 यूनिट 'ए' ग्रुप का रक्त उपलब्ध कराया और डॉक्टरों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। गाइनोकोलॉजी विभाग की टीम ने कड़ी मेहनत से महिला का सफल प्रसव कराया।

डॉक्टरों ने बताया कि कोरबा जनजाति की महिलाओं में अत्यधिक कुपोषण आम समस्या है और अधिकतर महिलाओं में आवश्यक 10 ग्राम के मुकाबले केवल 3 से 5 ग्राम ही हीमोग्लोबिन होता है। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कोरबा एक विलुप्तप्राय जनजाति है, ऐसे में इस समुदाय की महिलाओं की पहचान कर प्रारंभिक अवस्था से स्वास्थ्य निगरानी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गर्भवती महिलाएं दवाइयों का नियमित सेवन नहीं करतीं और चिकित्सकीय सलाह भी नहीं लेतीं, जिससे जटिलताएं उत्पन्न होती हैं।

## पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच भोजन पैकेट का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आरती श्रीवास्तव के सौजन्य से मिशन समृद्धि संस्था द्वारा दिवंगत विनोद विहारी शरण की पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों, बच्चों, दिव्यांगों, रिक्शा चालकों और दोना-पत्तल-दातून बेचने वालों को विशेष रूप से भोजन उपलब्ध कराया गया।

मिशन समृद्धि संस्था लंबे समय से समाज के वंचित वर्गों के बीच भोजन वितरण का कार्य करती आ रही है। इस कार्य में आरती श्रीवास्तव सहित कई सम्मानित नागरिकों का योगदान निरंतर सराहनीय रहा है। आरती श्रीवास्तव हर वर्ष अपने दिवंगत पति की पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाती हैं, जिसमें वह जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण करवा कर उनकी स्मृति को सामाजिक सरोकार से जोड़ती हैं।

कार्यक्रम में मिशन समृद्धि की टीम की सक्रिय भूमिका रही और संस्था ने सेवा कार्य को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया।

# 'सॉयल इंडिकेटर' कहे जाते हैं पलाश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्राकृतिक धरोहरों से समृद्ध पलामू जिला अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यहां झारखंड का एकमात्र कुंदरी लाह बगान स्थित है, जो पलाश के लाखों पेड़ों के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि पलामू बिना पलाश और पलाश बिना पलामू की कल्पना नहीं की जा सकती। यह वृक्ष न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अहम है, बल्कि मिट्टी की पहचान का भी संकेत देता है।

पलामू जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर पूर्व दिशा में स्थित कुंदरी लाह बगान 421 एकड़ में फैला हुआ है। यहां करीब तीन लाख से अधिक पलाश के पेड़ एक साथ देखने को मिलते हैं। गर्मियों में जब इनके फूल खिलते हैं, तो पूरा जंगल मानो लाल-नारंगी रंग की आग से सुलग रहा हो, ऐसी दृश्यावली बनती है।

**पलाशः एक प्राकृतिक 'सॉयल इंडिकेटर' :** पर्यावरणविद् डॉ. डी. एस. श्रीवास्तव के अनुसार, पलाश के पेड़ मिट्टी की प्रकृति बताने वाले वृक्ष माने जाते हैं। ये वहां अपने आप उगते हैं जहां मिट्टी विशेष प्रकार की होती है। खासकर, केवाल मिट्टी (हल्की बलुई मिट्टी) में ही पलाश का वृक्ष उगता है। इस पेड़ की जड़ें बहुत गहराई तक जाती हैं, इसलिए इसे कहीं और प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता। डॉ. श्रीवास्तव बताते हैं कि "पलाश लगाया नहीं जा सकता, यह जहां अनुकूल मिट्टी मिलती है वहीं स्वतः उगता है। यह वृक्ष पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है और लोक जीवन से भी गहराई से जुड़ा है।"

**संरक्षण की आवश्यकता :** पलाश न सिर्फ पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वन संपदा, जीव-जंतुओं के आवास और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए भी जरूरी है। ऐसे में इसके संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर ध्यान देना आवश्यक है ताकि यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बनी रहे।

## शहर के शोर से दूर सुकून की तलाश? रानी ताल डैम में मिलेंगे शांत पल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर रखा है। तापमान रोज़ाना 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच रहा है। ऐसे में शहर की चहल-पहल और उमस भरे माहौल से कुछ पल की राहत पाना हर किसी की चाहत बन गई है। अगर आप भी ऐसी ही किसी शांत और ठंडी जगह की तलाश में हैं, तो जिला मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर स्थित रानी ताल डैम आपके लिए एक उम्दा विकल्प साबित हो सकता है।

**हरियाली और शांति से भरपूर प्राकृतिक स्थल :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में स्थित रानी ताल डैम, मेदिनीनगर से महज 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर दो पहाड़ियों के बीच बसा हुआ है। यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के कारण स्थानीय लोगों और पर्यटकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है। खासकर गर्मियों की शाम को यहां का नजारा बेहद मोहक होता है।

**परिवार के साथ बिताएं यादगार पल :** रविवार या अन्य अवकाश के दिनों में यहां लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ती है। परिवार, मित्रों या प्रियजनों के साथ यहां पहुंचकर लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं, फोटोग्राफी करते हैं और ठंडी हवाओं के बीच सुकून के पल बिताते हैं।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए खास स्थान :** जो लोग हरियाली और जलधाराओं के बीच शांति महसूस करना चाहते हैं, उनके लिए यह स्थान किसी वरदान से कम नहीं। यहां बैठकर आप घंटों तक प्रकृति की गोद में सुकून भरे पल गुजार सकते हैं। सूरज ढलते ही मौसम खुशनुमा हो जाता है और वातावरण पूरी तरह बदल जाता है।

**कैसे पहुंचें?**

रानी ताल डैम तक पहुंचना भी बेहद आसान है। मेदिनीनगर से ऑटो या बाइक के माध्यम से लगभग 15 से 20 मिनट में आप यहां पहुंच सकते हैं। सड़क की स्थिति भी अच्छी है, जिससे यात्रा सहज हो जाती है।

## मचान विधि से लौकी की खेती बनी किसानों की आमदनी का जरिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लौकी की खेती अब किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय साबित हो रही है। जिले के कई किसान मचान विधि से लौकी की खेती कर प्रति दिन तीन से चार क्विंटल की तुड़ाई कर रहे हैं। मौजूदा समय में लौकी का बाजार मूल्य 1200 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल है, जिससे किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है। एक किसान ने बताया कि इस बार मचान विधि अपनाई गई है जिससे न केवल उत्पादन बढ़ा है, बल्कि खेत की नीचे की जमीन का भी उपयोग किया जा रहा है। इस जमीन में किसान प्याज, पालक और धनिया की भी खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक बीघे जमीन से उन्होंने 16 से 18 क्विंटल प्याज की फसल ले ली है और अब पालक की बुवाई की गई है, जो 20 दिन में तैयार हो जाएगी। किसान भाइयों को सुझाव दिया गया कि यदि लौकी की खेती करनी है तो मचान विधि अपनाएं। इससे एक ही जगह पर बहुफसली खेती संभव हो जाती है और किसानों को आर्थिक लाभ भी कई गुना बढ़ता है।

## गर्मी में सतर्क रहें: इन स्थानों पर छिपते हैं सांप, बढ़ सकता है खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** गर्मी का मौसम अपने चरम पर है और ऐसे समय में सांपों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। झारखंड के विभिन्न इलाकों में कई जहरीले सांप पाए जाते हैं, जो मानव जीवन के लिए घातक हो सकते हैं। तेज गर्मी और उसके बाद आने वाली बारिश के मौसम में ये सांप अधिक सक्रिय और आक्रामक हो जाते हैं।

विशेषज्ञ डॉ. डी.एस. श्रीवास्तव बताते हैं कि गर्मी में सांप ठंडी और छायादार जगहों की तलाश में रहते हैं। अक्सर ये सूखे पत्तों के ढेर, स्टोर रूम में रखे सामान के नीचे या घर के कोनों में अपना ठिकाना बना लेते हैं। कई बार लोग बिना सतर्कता के इन स्थानों पर चले जाते हैं जिससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है।

डॉ. श्रीवास्तव ने सलाह दी कि गर्मियों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। पेड़ों से झड़ने वाले पत्तों को एक स्थान पर जमा करने से पहले वहां की सावधानीपूर्वक जांच करें। बच्चों को ऐसे स्थानों पर खेलने से रोकें और नियमित अंतराल पर अपने घर और आसपास के इलाकों की साफ-सफाई करें। सतर्कता ही सुरक्षा की पहली शर्त है।

## गांव की हसरत ने बदल दी तस्वीर, पैकेजिंग कारोबार से बन रहीं आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का जमीनी असर अब साफ दिखने लगा है। पलामू जिले की हसरत बानो इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) से जुड़कर अपने जीवन की दिशा ही बदल दी। कभी खेती पर निर्भर रहने वाली हसरत अब सफल उद्यमी बन चुकी हैं और उनके उत्पादों की मांग राजधानी रांची से लेकर दिल्ली तक है।

**खेती से कारोबार की ओर बदली राह :** सदर प्रखंड के खनवा गांव की रहने वाली हसरत बानो पहले पारंपरिक खेती और सब्जियों की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। लेकिन इससे अधिक आय नहीं हो रही थी। इसके बाद उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर लोन लिया और खेती को विस्तार दिया। इस दौरान उन्हें जेएसएलपीएस की ओर से व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उन्हें पैकेजिंग और मार्केटिंग की बारीकियां सिखाई गईं।

**छोटे स्तर से शुरू हुआ बड़ा सफर :** प्रशिक्षण के बाद हसरत ने अपने घर में उत्पाद तैयार करने का काम शुरू किया और उन्हें बाजारों तक पहुंचाना शुरू किया। धीरे-धीरे उनके उत्पादों को पहचान मिलने लगी और आज उनके बनाए गए घरेलू उत्पादों की मांग झारखंड से बाहर दिल्ली तक पहुंच चुकी है।

हसरत बानो बताती हैं कि खेती से बहुत सीमित आमदनी होती थी। समूह से जुड़ने के बाद जब जेएसएलपीएस के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण और बाजार मिला, तो उन्होंने अपने उत्पाद खुद तैयार कर उनकी ब्रांडिंग और बिक्री शुरू की। आज वे अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

# मुंडन संस्कार को लेकर कौलेश्वरी मंदिर में उमड़ी भीड़, तालाब की सफाई अभियान तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा, हंटरगंज।** सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल कौलेश्वरी मंदिर में रविवार को मुंडन संस्कार को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। झारखंड, बिहार सहित कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु कौलेश्वरी पर्वत पहुंचे और ग्रीष्म ऋतु की परवाह किए बिना माता के दरबार में दर्शन और मुंडन संस्कार कराया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

श्रद्धालु मंदिर पहुंचने से पहले पर्वत स्थित तालाब में स्नान कर पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर की तलहटी हटवारिया में सैकड़ों छोटी-बड़ी गाड़ियों का काफिला देखने को मिला।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कौलेश्वरी प्रबंधन समिति पूरी सक्रियता से व्यवस्थाओं को संभाल रही है। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के निर्देश पर मंदिर परिसर और तालाब की विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी निगरानी स्वयं एसडीओ कर रहे हैं।

प्रधान पुजारी मिथलेश मिश्रा ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन मजदूरों द्वारा सफाई कार्य कराया जा रहा है और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में पूजा का अवसर देने के लिए मंदिर प्रांगण में भी युद्ध स्तर पर सफाई जारी है।

# चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव 29 जून को

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की पलामू जिला इकाई एवं झारखंड प्रदेश कमेटी के आगामी सत्र 2025–28 के चुनाव को लेकर रविवार को बेलवाटिका, मेदिनीनगर में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी सुबोध कुमार उपस्थित हुए। समाज के सदस्यों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी सुबोध कुमार ने जानकारी दी कि चंद्रवंशी महासभा का चुनाव दिनांक 29 जून 2025 को मेदिनीनगर स्थित पलामू क्लब परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक कराया जाएगा। उसी दिन शाम 5 बजे चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी।

निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पांच सदस्यीय जिला चुनाव समिति गठित की गई। संजय किशोर सिंह को जिला चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया, जबकि कृष्ण कुमार, अधिवक्ता संतोष कुमार, संतोष कुमार चंद्रवंशी और गौतम चंद्रवंशी को चुनाव संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में रंजन सिंह चंद्रवंशी, शंभू नाथ राम, विजय कुमार, कांती चंद्रवंशी, रीना देवी, मुकेश कुमार, प्रेम कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दानरो नदी संरक्षण को समर्पित होगा इस बार का 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम

**पनघटवा डैम से बेलचंपा तक के लगभग 30 गांवों के समाजसेवियों को एसडीएम ने किया आमंत्रित**



**दानरो महोत्सव की बनेगी रूपरेखा**

एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि इस बार के ₹कॉफी विद एसडीएम₹ कार्यक्रम में दानरो नदी के संरक्षण को लेकर एक वर्षभर चलने वाले कार्यक्रम 'दानरो महोत्सव' की रूपरेखा पर सामूहिक विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल समाजसेवियों की व्यक्तिगत समस्याओं को भी सुना जाएगा, लेकिन मुख्य फोकस दानरो को लेकर जागरूकता और संरक्षण अभियान पर होगा। एसडीएम ने कहा कि यह भागीदारी पूर्णतः स्वैच्छिक है और जो भी लोग इस अभियान से जुड़ना चाहते हैं, वे आमंत्रित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्यावरण और दानरो नदी के प्रति समर्पित सभी जागरूक नागरिक इस प्रयास को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा प्रत्येक बुधवार को आयोजित किए जा रहे संवाद कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ की इस बार की बैठक 11 जून को सुबह 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। इस बार का संवाद कार्यक्रम दानरो नदी के संरक्षण को समर्पित होगा। इसको लेकर एसडीएम ने दानरो तट पर बसे लगभग 30 गांवों के पर्यावरणप्रेमी नागरिकों व समाजसेवियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। एसडीएम संजय कुमार ने जानकारी दी कि दानरो नदी का पूरा प्रवाह क्षेत्र सदर अनुमंडल के अंतर्गत आता है, जिसकी शुरूआत डंडई प्रखंड की सीमा पर स्थित पनघटवा डैम से होती है और इसका संगम गढ़वा सदर प्रखंड के बेलचंपा में कोयल नदी से होता है। इस बीच डंडई, मेराल, और सदर प्रखंड के अनेक गांवों से होकर यह नदी बहती है। उन्होंने कहा कि इस नदी के संरक्षण की जिम्मेदारी भी इस क्षेत्र के नागरिकों की है। उन्होंने बताया कि बुल्का (बैरिया दामर), डंडई, झकरा, बैला झकरा, कदैलिया, कजरमारा, देवगाना, दतवनिया, कजरत, झोतर, खुटैलिया, तिसरटैटुका, बघौता, कोरवाडीह, नवाडीह, झलुवा, छतरपुर, कल्याणपुर, करमडीह, सहीजना, तेनार, भरटिया, गढ़ौता, मधेया, महुपी, फरटिया, खजूरी, बसाहा, बेलचंपा जैसे गांव दानरो नदी के तट पर बसे हुए हैं। ऐसे में इन गांवों के निवासियों की सामूहिक सहभागिता से ही दानरो नदी को सुरक्षित और स्वच्छ रखा जा सकता है।

# सैलून दुकान में सुरंग बनाकर चोरी, बैटरी होम थिएटर व नकदी उड़ा ले गए चोर

**भवनाथपुर में दो दिन में तीसरी चोरी, व्यापारियों में दहशत**




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर ।** प्लस टू हाई स्कूल भवनाथपुर के गेट के समीप स्थित एक सैलून दुकान में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने सुरंग बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान में रखे बैटरी, मिनी होम थिएटर, कीमती शेविंग क्रीम, ट्रिमर और बक्से में रखे दो हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। दुकान मालिक संजय कुमार को चोरी की जानकारी रविवार सुबह उस समय हुई जब उन्होंने दुकान का शटर खोला। उन्होंने देखा कि सामान गायब है और बक्सा टूटा हुआ पड़ा है। दुकान के पीछे की दीवार के नीचे चोरों ने मिट्टी खोदकर सुरंग बनाई थी, जिसके जरिये वे अंदर घुसे और चोरी के बाद मिट्टी भरकर सुरंग को फिर से ढक दिया। संजय कुमार ने घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी पास में स्थित इम्तियाज अंसारी की सब्जी दुकान से एक पेटी शिमला मिर्च, दो पेटी टमाटर और मनु अंसारी की मुर्गी दुकान से लगभग पांच हजार रुपये मूल्य की मुर्गियां चुराई गई थीं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यवसायियों में भारी चिंता और डर का माहौल है।

# कुत्ते को बचाने में पलटी बाइक, तीन युवक घायल

**बकरीद मनाकर लौट रहे थे यूपी के युवक, भवनाथपुर सीएचसी में कराया गया इलाज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य पथ पर बंसानी गांव के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ये तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर उत्तर प्रदेश स्थित अपने घर लौट रहे थे कि अचानक सड़क पर एक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों की पहचान अजीज अंसारी (पिता- कमालुद्दीन अंसारी, रामगढ़, यूपी), अंसार अली (पिता- मेराज अली, देवाटर, यूपी) और जबीर अली (पिता- मेराज अली, कोन, यूपी) के रूप में हुई है। सभी को परिजनों द्वारा तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में बताया गया कि तीनों युवक बकरीद पर्व मनाने के लिए भवनाथपुर प्रखंड के मकरी गांव स्थित जाहिर अंसारी के घर आए थे। रविवार की रात सभी बाइक से वापस लौट रहे थे कि हादसा हुआ।

# अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से झोपड़ी में रहने को विवश है परिवार

**सिलीदाग पंचायत के 61 लाभुक अब भी इंतजार में, बारिश में संकट और गहराया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना ।** केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न आवास योजनाओं के बावजूद आज भी कई गरीब-मजदूर परिवार पक्के मकान के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सिलीदाग पंचायत के निवासी पप्पू चंद्रवंशी का परिवार अबुआ आवास योजना की प्रतीक्षा में प्लास्टिक की झोपड़ी में रहने को मजबूर है। पप्पू ने बताया कि उनका मिट्टी का घर पूरी तरह जर्जर हो चुका है और कुछ हिस्सा गिर भी गया है। समय से आवास नहीं मिलने की स्थिति में बरसात में पूरा घर गिरने की आशंका है। उन्होंने बताया कि उनका नाम योजना में चयनित लाभुकों में है और पंचायत सहायक व मुखिया ने भी बताया कि खाते में पैसे आने वाले हैं, लेकिन अब तक एक भी किस्त नहीं आई है। मुखिया अनीता देवी ने बताया कि पंचायत में कुल 134 लाभुकों का चयन हुआ था, जिनमें से 73 को आवास की राशि प्राप्त हुई है, जबकि 61 लाभुक अभी भी वंचित हैं परिवार इस समय खुले में प्लास्टिक की झोपड़ी में रहने को मजबूर है, जहां न तो ठीक से दैनिक उपयोग की सामग्री रखने की जगह है, न ही कोई सुरक्षा। पंचायत सचिव से फोन पर संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## न्यूज बॉक्स

### केतार के श्याम बिहारी राम का इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग में चयन



**केतार।** झारखंड से अकेले खिलाड़ी हैं श्याम, यूपी हीरोज की ओर से 8 जून को मुम्बई से होगा पहला मैच केतार प्रखंड क्षेत्र के बिंदु राम के पुत्र श्याम बिहारी राम ने जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उनका चयन इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग-6 के लिए उत्तर प्रदेश हीरोज टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 जून तक दिल्ली के बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका के मैदान में आयोजित होगी। श्याम बिहारी राम ने बताया कि उनका पहला मुकाबला 8 जून को मुम्बई टीम से है, जिसमें वे अपना डेब्यू करेंगे। श्याम झारखंड से इस टूनार्मेंट में शामिल होने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनके चयन पर केतार वासियों में खुशी की लहर है। बधाई देने वालों मेंजिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रमुख चंद्रावती देवी, समाजसेवी पंकज सिंह, मुखिया प्रमोद कुमार, मूंगा साह, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

### घरेलू विवाद के बाद विवाहिता ने खाया कीटनाशक, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के करचा टोला गांव में एक 24 वर्षीय विवाहिता ऋचा कुमारी ने घरेलू विवाद से आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया। परिजनों ने उसे तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। परिजनों के अनुसार, ऋचा का अपने पति राजन कुमार के साथ घरेलू बातों को लेकर मामूली विवाद हुआ था। इसी कारण उसने यह कदम उठा लिया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

### स्कॉर्पियो-टोटो की टक्कर में तीन घायल, सभी गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित बाजार समिति गेट के पास रविवार को एक स्कॉर्पियो और टोटो की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में कमरमा गांव निवासी 35 वर्षीय जुगेश विश्वकर्मा, सीहो गांव निवासी 12 वर्षीय सिद्धार्थ भुइयां, और 21 वर्षीय वेद प्रकाश शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों टोटो पर सवार होकर बाजार समिति में तरबूज खरीदने जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने टोटो को टक्कर मार दी, जिससे टोटो पलट गई और तीनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा 12 सूत्री सुझाव पत्र

**मेराल।** रविवार को भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी से मिलकर मेराल प्रखंड की समस्याओं को लेकर 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मुख्य मांगों में एंबुलेंस की व्यवस्था, टाउन हॉल, विभिन्न पंचायतों में खेल मैदान व स्टेडियम, पैक्स अध्यक्ष का गठन, दमकल गाड़ियां, कोल्ड स्टोरेज, हाई मास्क लाइट, सामुदायिक भवन, पुस्तकालय, नदी सफाई, पौधारोपण और खतियान अपडेट हेतु मिनी सर्वे शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने किया। अन्य सदस्यों में रूपू महतो, मनोज जायसवाल, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी और रोहित कुमार शामिल थे।

### तेज रफ्तार का कहर! रानीचेरी में पलाश के पेड़ से टकराई बाइक, युवक गंभीर रूप से घायल



**चिनिया।** रानीचेरी गांव में रविवार को एक तेज रफ्तार बाइक पलाश के पेड़ से टकरा गई, जिससे भंडरिया निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी को मामूली चोटें आईं। दोनों चिनिया से अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। हादसे की सूचना पर चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार के निर्देश पर एएसआई राधेश्याम कुमार, ओम प्रकाश कुमार और बबन टुडू ने टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने लोगों से तेज रफ्तार से वाहन न चलाने की अपील की है।

# रंका में पूर्व व वर्तमान मुखिया परिवारों के बीच मारपीट, मुखिया के पति व बेटी घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** रंका प्रखंड के सोनदाग पंचायत में शनिवार शाम को पूर्व और वर्तमान मुखिया के परिवार के बीच हुई मारपीट की घटना ने क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न कर दी। इस घटना में वर्तमान मुखिया के पति हेमंत पासवान और उनकी पुत्री अंजलि पासवान घायल हो गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए हेमंत पासवान ने बताया कि शनिवार शाम करीब 7:15 बजे उनका बेटा संदेश कुमार दूध लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में पूर्व मुखिया के घर के पास उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क पर खड़ी थी, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया था। जब संदेश ने गाड़ी हटाने का अनुरोध किया, तो इसी बात को लेकर पूर्व मुखिया के पुत्र अरविंद राम, इंद्रदेव राम, सुखदेव राम और दीपक राम समेत पूरे परिवार ने उस पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब हेमंत पासवान अपने बेटे से मारपीट की शिकायत को लेकर पूछताछ के लिए गए, तो अरविंद राम ने कथित रूप से ईंट से उनके सिर पर वार कर दिया। इसी दौरान उनकी पुत्री अंजलि पासवान को भी पीटा गया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद घायल पक्ष द्वारा रंका थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। वहीं, दूसरी ओर पूर्व मुखिया के पुत्र अरविंद राम की ओर से भी थाने में आवेदन देकर वर्तमान मुखिया पक्ष द्वारा मारपीट का आरोप लगाया गया है। दोनों पक्षों द्वारा थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। सूत्रों के अनुसार, घटना में घायल हेमंत पासवान और उनकी बेटी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

## दो बाइक की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोग घायल

**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर भोजपुर गांव के पास दो बाइक की टक्कर में बिशुनपुर गांव निवासी सेवाज खान और उनके पुत्र सुहान खान, कमर खान घायल हो गए। तीनों घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

# स्टूडेंट प्रोग्रेशन कार्य में ढिलाई शिक्षा विभाग ने दिए कड़े निर्देश

**खरौंधी के सभी विद्यालयों को कल तक कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** स्टूडेंट प्रोग्रेशन 2024-25 के कार्य को लेकर कई विद्यालयों द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। इसे लेकर शिक्षा विभाग सख्त रवैया अपना रहा है। बीपीएम नवीन प्रकाश ने सभी विद्यालय प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि वे हर हाल में कल तक यह कार्य पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य आगामी सत्र 2025-26 के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि कक्षा 2 से 12 तक के विद्यार्थियों का विवरण अपडेट कर यू-डाइस प्लस पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन हेतु भेजा जा सके। बीपीएम ने यह भी कहा कि यदि किसी विद्यालय द्वारा इस कार्य में देरी या लापरवाही की जाती है, तो उसकी पूरी जवाबदेही संबंधित प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक की होगी। साथ ही विभागीय कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। उन्होंने सभी से अपील की है कि समय पर कार्य को गंभीरता से लेते हुए अनिवार्य रूप से पूरा करें।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, चालक की हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** हरैया दाई देवी धाम के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। स्थिति गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर खोखा बालू घाट से लौट रहा था। अमरोरा थाना के समीप यह हादसा हुआ। थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी ने बताया कि तेज गति के कारण ट्रैक्टर पलटा। वाहन जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**स्व. रामपाल सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का जोरदार आगाज**

# केतमा ने पहले ही मैच में दिखाया दम!



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** प्रखंड के बरवाडीह पंचायत स्थित सिमरटोलिया मैदान में स्वर्गीय रामपाल सिंह क्रिकेट टूनार्मेंट 2025 की धमाकेदार शुरूआत रविवार को हो गई। गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई 8 टीमों की भागीदारी वाले इस टूनार्मेंट का पहला मुकाबला केतमा और बिरबांध टीम के बीच खेला गया। केतमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिरबांध की टीम केवल 71 रन पर सिमट गई। इस तरह केतमा ने 84 रन से शानदार जीत दर्ज कर टूनार्मेंट में अपना पहला कदम मजबूती से रखा। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं झामुमो पंचायत सचिव मुख्तार अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ शहजाद अंसारी, संतोष सिंह, उमेश यादव, विजय यादव, सत्येंद्र पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति में तेज सिंह, सत्यम सिंह, आनंद सिंह, अभिमन्यु और आदित्य की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। आयोजकों में तेजपाल सिंह, सतपाल सिंह, रामरति सिंह, अभिमन्यु एवं ग्रामवासी पूर्ण समर्पण के साथ आयोजन में लगे हैं। तेज सिंह ने कहा, 'इस टूनार्मेंट का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल का मंच देना है।' मुख्तार अंसारी ने कहा कि, 'स्व. रामपाल सिंह टूनार्मेंट जैसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।'

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर भवनाथपुर मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप रविवार को मोटरसाइकिल से पेट्रोल लेने जा रहे दो युवक अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे दोनों घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान मर्चवार निवासी अजीत चौधरी और सलसलादी निवासी छोटू कुमार के रूप में हुई है। दोनों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है।

## बसिया पिकेट पर पुलिस का एंटी क्राइम जांच अभियान, वाहनों की जांच



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** जिले में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बसिया पिकेट के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर चलाया गया, जिसकी निगरानी बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने की।

अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों को रोककर उनके कागजातों की गहनता से जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों द्वारा सुरक्षा मानकों जैसे हेलमेट और सीट बेल्ट के अनुपालन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनके फोटो जिला परिवहन विभाग को भेजे गए हैं ताकि आगे की विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि यह जांच अभियान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

जांच अभियान में एएसआई देव मंगल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों एवं सशस्त्र बल के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सड़क लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर पुलिस ने सड़क लूटपाट के कई मामलों में संलिप्त एक शातिर अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने मामले की जानकारी दी।

एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि छिपादोहर थाना क्षेत्र के तुंबागड़ा सड़क पर रबदी पुल के पास कुछ संदिग्ध अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आलोक में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया, जिसमें स्वयं एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर लगभग 5–6 अपराधी मौके से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक अपराधी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अपराधी की पहचान चिंटू मिश्रा उर्फ सियाराम मिश्रा (उम्र 22 वर्ष), पिता विजय मिश्रा, स्थायी निवासी ग्राम दुबे मरहटिया, थाना गढ़वा, जिला गढ़वा के रूप में हुई है। वर्तमान में वह पलामू जिला अंतर्गत चियांकी के भीमगढ़ा क्षेत्र में स्थित एक टेम्पू शोरूम के पास निवास कर रहा था।

अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा एवं 8 एमएम का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। सख्ती से पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह 10–12 सदस्यों वाले एक गिरोह का हिस्सा है, जो झारखंड के गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची समेत बिहार के रोहतास, औरंगाबाद, गया आदि जिलों में सड़क लूटपाट एवं छिनतई की अनेक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में थाना क्षेत्र में दो बार लूटपाट की घटनाएं हुई थीं, जिनमें यह अपराधी मुख्य सरगना के रूप में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि शेष अपराधियों की तलाश जारी है।

छापामारी टीम में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, एसआई रितेश कुमार राव, एएसआई अन्नत कुमार, इंद्रजीत तिवारी, आईआरबी-04, सैट–137 और छिपादोहर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### कमांडो ने ब्राइट फ्यूचर को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट में शुक्रवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहले मैच में लोहरदगा की टीम ने संतोष कंस्ट्रक्शन को 40 रन से हराया। दूसरे मैच में कमांडो क्लब ने ब्राइट फ्यूचर महुआमिलान को 8 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे मैच में श्याम इलेवन ने बाबा 11 को 6 विकेट से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार रात खेला जाएगा।

### बनियों मोड़ पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**हेरहंज (लातेहार)।** बालूमाथ मार्ग स्थित बनियों मोड़ के पास रविवार को एक बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के रोहन गांव निवासी कलाम अंसारी के पुत्र सरफुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सरफुद्दीन अंसारी किसी जरूरी कार्य से बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय जा रहे थे। इसी दौरान बनियों ग्राम के समीप एक तीखे मोड़ पर सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में युवक का एक हाथ टूट गया है, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### 10 जून को लातेहार में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू का आगमन

**लातेहार।** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत 10 जून को झारखंड प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू लातेहार पहुंचेंगे। इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे। पार्टी ने इस कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि 10 बजे आगमन के बाद जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उरांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी।

### ट्रक चालक की हत्या, पुत्री ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**चंदवा।** एनएच-75 पर पन्नाटांड़ के समीप शनिवार सुबह ट्रक चालक चंद्र भूषण मौवर की हत्या कर दी गई। मृतक की पुत्री जया कुमारी ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध चंदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना की जांच पुलिस कर रही है। चंद्र भूषण अपने ट्रक से सरिया लेकर मेदिनीनगर जा रहे थे, तभी पन्नाटांड़ नाले के पास उन पर हमला कर हत्या कर दी गई।

### थाने के पास खड़ी बाइक की चोरी

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर खड़ी बाइक को चोरी कर लिया। लोटवा निवासी नकुलदेव यादव की काले-नीले रंग की स्प्लेंडर प्लस बाइक उनके कुंदा स्थित मकान के पास से चोरी हुई। उन्होंने थाना में लिखित आवेदन देकर शीघ्र बाइक बरामद करने की मांग की है।

### केंदू पत्ता फड़ियों में आग, लाखों की क्षति

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के तालही गांव में दो केंदू पत्ता फड़ियों में लगी आग से लाखों की क्षति हुई है। एक फड़ी तालही आंगनबाड़ी के पास और दूसरी आम के पेड़ के नीचे स्थित थी। हालांकि आग के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन पूर्व में नक्सलियों द्वारा ठेकेदारों को चेतावनी देने के मद्देनज़र घटना में नक्सली हाथ की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुखिया की तत्परता से दो युवकों की बची जान, लोगों ने की सराहना



**कान्हाचट्टी (चतरा)।** प्रखंड के खापलंबानी गांव में सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों की जान मुखिया की तत्परता से बच सकी। राजपुर पंचायत के मुखिया छोटू सिंह ने मानवीय पहल करते हुए दोनों घायलों को अपनी बाइक से समय रहते कान्हाचट्टी स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुँचाया, जिससे उनकी जान बच गई। घायलों की पहचान विशाल कुमार सिंह (पुत्र दीपक सिंह, निवासी बाराबागी) और संदीप कुमार सिंह (पुत्र स्व. शिवनारायण सिंह, निवासी केवाल) के रूप में हुई है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### किसानों के बीच जीराफूल धान बीज का वितरण




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर महुआडांड़ प्रखंड में जीराफूल धान की खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों के बीच बीज वितरण की शुरुआत की गई। यह कार्य फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चालू वर्ष 2025-26 में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 1500 एकड़ में जीराफूल धान की खेती का प्रस्ताव है। इस योजना के अंतर्गत एक किसान को 20 किलोग्राम बीज 52 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी के पास 8000 किलोग्राम बीज उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे महुआडांड़ की फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, जेएसएलपीएस कार्यालय या प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर बीज प्राप्त करें।

### आरओबी निर्माण की मांग को लेकर अयूब खान और किसान जल समाधि सत्याग्रह पर



**चंदवा।** टोरी जंक्शन पर आरओबी निर्माण की मांग को लेकर कामता पंचायत समिति सदस्य अयूब खान एवं दर्जनों किसान 15 जून से प्रतिदिन 12 बजे चटुआग डैम में अनिश्चितकालीन जल समाधि सत्याग्रह शुरू करेंगे। अयूब खान ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि यदि आंदोलन के दौरान कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार, रेलवे और राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि टोरी-चंदवा फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण के लिए चार साल पूर्व 3 अप्रैल 2021 को शिलान्यास हुआ था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। जल समाधि सत्याग्रह के माध्यम से आरओबी निर्माण, पुनर्मूल्यांकन कर मुआवजा भुगतान, पैसेंजर ट्रेन संचालन, बंद फुट ब्रिज कार्य को शुरू करने, अंडरपास निर्माण जैसे कई मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे।

## चतरा में जिला ताइक्वांडो समर कैंप का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर, चतरा के सभागार में रविवार को चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के सचिव संजय सिन्हा एवं प्रधानाध्यापक रमेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर चतरा जिला टेबल टेनिस संघ के महासचिव संजीत मिश्रा भी उपस्थित रहे। समर कैंप के आयोजन में क्रीड़ा भारती चतरा का विशेष सहयोग रहा।

जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष बबलू गुप्ता उर्फ संदीप गुप्ता ने कहा कि खेल को प्रोत्साहित करने में क्रीड़ा भारती की भूमिका सदैव अग्रणी रहेगी।

तीन दिवसीय इस समर कैंप में बच्चों को आत्मरक्षा के विविध तकनीकी कौशल सिखाए जा रहे हैं। मुख्य प्रशिक्षक विकास कुमार केशरी के नेतृत्व में सूरज कुमार, सुनीता कुमारी एवं देवानंद कुमार ने प्रतिभागियों को ताइक्वांडो के नए दांव-पेंच सिखाए। वहीं सहयोगी प्रशिक्षकों में जुगल कुमार और पीयूष कुमार ने प्रशिक्षण सत्र को सफल बनाने में योगदान दिया।

मंच संचालन राष्ट्रीय निर्णायक सूर्यप्रकाश सिन्हा ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि कैंप में प्रतिभागी बच्चों को आत्मरक्षा के लिए विशेष तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास का विकास हो। संघ के संरक्षक मुकेश साह ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर से बालक–बालिकाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना विकसित होती है।

कार्यक्रम के अंत में जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास कुमार केशरी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अवश्य दिलाएं, जिससे वे सशक्त और निडर बन सकें।

## 187 बच्चों ने ग्रहण किया पहला परम प्रसाद संस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत संत जोसेफ चर्च में रविवार को भव्य समारोह के साथ 187 बच्चों का पहला परम प्रसाद संस्कार आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर सफेद वस्त्रों में सजे बच्चों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर प्रभु यीशु की महिमा में शोभायात्रा निकाली। चर्च में उनका स्वागत किया गया, जिसके पश्चात मुख्य अनुष्ठानकर्ता कत्ता दिलीप एक्का ने विशेष मिस्सा पूजा संपन्न कराई।

फादर ने अपने संदेश में परम प्रसाद संस्कार की पवित्रता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे पवित्र आत्मा का वरदान मिलता है और बच्चों को धार्मिक व नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रचारक आनंद टोप्पो के नेतृत्व में बच्चों को आत्मिक व नैतिक रूप से तैयार करने में सराहनीय योगदान रहा। सिस्टरों द्वारा बच्चों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान कोयल दल की महिलाओं ने मसीही भजन प्रस्तुत किए। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य के साथ मसीही समुदाय के लोगों ने बच्चों को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं। मौके पर पल्ली के बड़े फादर सुरेश किड़ो, पतरस तिर्की, अरुण मिंज, विक्रम मिंज, सिस्टर स्वाति, धर्म बहनें, कैथोलिक सभा और महिला संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## वीपीआर कंपनी द्वारा मजदूरों को हटाने के नोटिस का विरोध



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** चमातू ग्राम के बरगद पेड़ के पास रविवार को भू-रैयतों और विस्थापितों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चेतलाल रामदास ने की। मगध सीसीएल फेस-3 विस्तारीकरण में वीपीआर आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा 280 मजदूरों को हटाने के नोटिस पर रैयतों ने कड़ा विरोध जताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में कंपनी ने रोजगार देने के वादे किए थे, जिनका अब उल्लंघन हो रहा है। कंपनी के जीएम श्रीनिवासन रेड्डी ने बताया कि चमातू माइंस में खनन कार्य बंद है, इसलिए वहां कार्यरत लोगों को हटाया जा रहा है। अब खनन आरा गांव में हो रहा है, जहां के लोग रोजगार की मांग कर रहे हैं।

### विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का पथ संचलन




**लातेहार।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे शौर्य प्रशिक्षण के समापन पर भव्य पथ संचलन निकाला गया। हजारों की संख्या में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए करतब दिखाए। शहर भ्रमण के बाद संचलन विद्यालय परिसर में समाप्त हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि इसका उद्देश्य विश्व को शांति का संदेश देना है। मौके पर विहिप संरक्षक रामनाथ अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल, जिला मंत्री संजय तिवारी, नितेश यादव, आचार्य सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खरवार समाज की बैठक, सफल छात्रों को किया जाएगा सम्मानित



**लातेहार।** मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत सचिवालय में रविवार को खरवार लोक सेवक संघ की केंद्रीय समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। इसमें अखिल झारखंड खरवार आदिवासी विकास परिषद और खरवार आदिवासी एकता संघ भी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2025 में सफल खरवार छात्र-छात्राओं को आगामी 15 जून को सम्मानित किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष सहायक सिंह ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देना समाज की प्राथमिकता है। बैठक में गढ़वा, गुमला, रांची, पलामू समेत अन्य जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए लातेहार के कुमार सूर्याकृत का चयन

**लातेहार।** झारखंड राज्य अंडर-15 कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल में लातेहार जिले के कुमार सूर्याकृत ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन मोरहाबादी स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र, रांची में किया गया। लातेहार जिला कुश्ती संघ के महासचिव मुन्ना कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चुने गए 20 बालक और 10 बालिकाएं आगामी 20 से 22 जून तक महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उद्घाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने किया। प्रतियोगिता झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय और राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई।

## उपायुक्त कीर्तिश्री ने माता भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना



नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** उपायुक्त कीर्तिश्री रविवार को प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता भद्रकाली मंदिर पहुंचीं और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने परिसर स्थित सहस्त्र शिवलिंग, कोटेश्वर नाथ, राम जानकी मंदिर और पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी पूजा कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने जैन मंदिर में भी माथा टेका। पूजा के बाद मंदिर समिति की ओर से उपायुक्त को माता भद्रकाली की स्मृति चिह्न भेंट की गई। इस अवसर पर डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, खेल पदाधिकारी तुषार राय, बीडीओ सोमनाथ बंकिरा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह, दिलबाग सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेश्वर यादव व दीपक गिरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने इटखोरी सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

# कोरोना की संभावित स्थिति को देखते हुए तैयारियां तेज करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**इटखोरी (चतरा)।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने रविवार को इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुमित कुमार जयसवाल से स्वास्थ्य सेवाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी व्यवस्था, प्रसव कक्ष, चिकित्सक कक्ष, उपकरणों की कार्यशीलता, एएनएम की संख्या, भवन एवं एक्स-रे मशीन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।

उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त मानव बल का प्रभावी उपयोग और रोस्टर के अनुसार ड्यूटी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही रात्रि ड्यूटी में भी लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान सीएचसी में 30 बेड की क्षमता में 7 मरीज भर्ती पाए गए। उपायुक्त ने कोरोना संक्रमण की संभावित लहर को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने और जरूरतों का प्रस्ताव बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएँ मिल सकें। निरीक्षण के दौरान उपविकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, बीडीओ, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सर्पदंश की दो घटनाएं, चैनपुर व घाघरा की युवतियां सदर अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के चैनपुर और घाघरा प्रखंड में रविवार को सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों पीड़ितों को प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पहली घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम गांव की है। 18 वर्षीय अनुप्रिया कुजूर, जो गुमला में एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है, शनिवार को अपने गांव लौटी थी। दोपहर में वह गांव के तालाब में मछली पकड़ने गई थी, तभी जाल से मछली निकालते वक्त एक विषैले सांप ने उसके पैर में काट लिया। सांप उसके पैर से लिपट गया था, जिसे उसने साहस दिखाते हुए झटक कर फेंक दिया। स्थानीय चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन पैर में तेज जलन और बुखार बढ़ने के कारण रविवार अपराह्न उसे गुमला सदर अस्पताल लाया गया, जहां वह अब भी भर्ती है।

दूसरी घटना घाघरा प्रखंड के तारा गुट्टू गम्हरिया गांव की है। 19 वर्षीय सीतामुनी देवी रविवार की सुबह शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी, तभी उसके पैर के नीचे एक सांप आ गया। सांप ने उसके पैर में डंस मार दिया और लिपट गया। झटका देने पर भी सांप पैर से नहीं छूटा, लेकिन बाद में वह खुद को किसी तरह सांप से छुड़ाने में सफल रही।

स्थानीय लोगों की मदद से उसे भी सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

## खूंटियारी जंगल में महेश उरांव को कोबरा के डसने से हालत गंभीर, भर्ती

**गुमला।** गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटियारी जंगल में कोबरा सांप के डसने से गोढ़ी टोली निवासी महेश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार देर शाम की है। घायल अवस्था में परिजनों ने पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश उरांव, सनया कोना गांव से एक जोड़ा बैल लेकर अपने खेत में हल चलाने गया था। खेत में काम खत्म करने के बाद जब वह बैल को गांव छोड़कर वापस लौट रहा था, तभी खूंटियारी जंगल में एक जहरीले कोबरा सांप ने उसे पैर में डस लिया। सर्पदंश के कुछ ही देर बाद महेश का पैर फूलने लगा और शरीर में तेज लहर व जलन महसूस होने लगी। हालात को भांपते हुए महेश ने तुरंत गमछा से अपने पैर को बांधा और किसी तरह घर पहुंचा। घर पहुंचते ही उसने परिजनों को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल महेश की हालत गंभीर बनी हुई है और सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगल में सांपों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंता जताई है और जरूरी कदम उठाने की मांग की है।



**सर्पदंश की घटनाओं से दहशत** — इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों में सांपों के बढ़ते खतरे को लेकर दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सर्पदंश की रोकथाम और एंटी-स्नेक वेनम की पर्याप्त व्यवस्था की मांग की है।

# ट्रांसफार्मर में करंट लगने से 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलसा, सदर अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत पूसो थाना क्षेत्र के सरना टोली गांव में ट्रांसफार्मर में करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान 19 वर्षीय सूरज उरांव के रूप में हुई है। शनिवार की देर रात करीब 11 बजे उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात पूरे गांव में बिजली गुल थी। गांव के ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया था, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित थी। गांव में बिजली बहाल करने के प्रयास में सूरज अपने एक दोस्त के साथ ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा। पहले उसने स्विच को डाउन किया और फिर ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। इसके बाद वह तार जोड़ने का प्रयास कर रहा था कि अचानक उसे 11 हजार वोल्ट का बिजली का झटका लग गया। तेज झटका लगते ही सूरज ट्रांसफार्मर से नीचे गिर गया और मौके पर ही बेहोश हो गया।

परिजनों व ग्रामीणों ने तत्काल उसे उठाकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना में सूरज के दोनों हाथ, पैर और पेट बुरी तरह झुलस गए हैं। घायल सूरज ने बताया कि वह बिना किसी सुरक्षा उपकरण के खुले हाथों से ही बिजली के तार जोड़ रहा था।

इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि ट्रांसफार्मर व बिजली संबंधी मरम्मत कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मियों की व्यवस्था की जाए ताकि आम लोगों की जान खतरे में न पड़े।

### भरनो बाजार टांड़ का चापाकल एक साल से खराब

# भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे दुकानदार व ग्रामीण



- **कंट्रोल रूम के बावजूद नहीं हो रही ठोस कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के दक्षिणी भरनो पंचायत स्थित भरनो बस्ती बाजार टांड़ में स्थित एकमात्र चापाकल बीते एक वर्ष से खराब पड़ा है, जिससे बाजार में आने वाले सैकड़ों लोग और दुकानदार पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गर्मी का प्रकोप चरम पर है और ऐसे में पानी की उपलब्धता सबसे बड़ी जरूरत बन गई है, लेकिन बाजार टांड़ में सोलर आधारित जलमीनार होने के बावजूद बादल और वर्षा के कारण पर्याप्त सौर ऊर्जा नहीं मिलने से पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है। इस कारण बाजार में आने वाले ग्राहकों और दुकानदारों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर प्रखंड में पेयजल संकट दूर करने हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया गया था और खराब चापाकलों की मरम्मती के लिए मोबाइल नंबर जारी कर सूचना देने की व्यवस्था भी की गई। इसके तहत कुछ गांवों में मरम्मत कार्य कर चापाकलों को चालू तो किया गया है, लेकिन मरम्मत सिर्फ उन्हीं चापाकलों की की गई जिनमें मामूली खराबी थी। बाजार टांड़ का चापाकल लंबे समय से पाइप संबंधी खराबी के कारण बंद पड़ा है, जिसे अब तक नजरअंदाज किया गया है। स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से राहत मिल सके। बाजार आने वाले लोग बताते हैं कि पानी के लिए उन्हें काफी दूर तक जाना पड़ता है, जिससे कारोबार और दैनिक जीवन दोनों प्रभावित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि स्थायी समाधान के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई की जाए, न कि केवल कागजी कवायद तक सीमित रहा जाए।

### लोंगा गांव में पांच पड़हा जतरा का भव्य आयोजन

# 22 खोड़हा दलों की सहभागिता, विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने किया सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के लोंगा गांव में पांच पड़हा परिषद के तत्वावधान में पारंपरिक 48वां पड़हा जतरा धूमधाम से आयोजित किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो शामिल हुए, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बाड़ा, पूर्व मुखिया बुद्धदेव उरांव, पंचायत समिति सदस्य राजेश्वरी उरांव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 22 खोड़हा दलों ने पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और वाद्य यंत्रों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी दलों को विधायक जिग्गा होरो की ओर से डेग और बर्तन सेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रदीप मुंडा, महावीर मुंडा, रविंद्र उरांव, नेपाल मुंडा, शुकरा उरांव, ग्राम प्रधान बुधु पहान मुंडा, पूर्व मुखिया बुधराम उरांव सहित अनेक युवाओं की अहम भूमिका रही।





### विधायक ने जतरा को बताया सांस्कृतिक धरोहर

विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने जतरा को पूर्वजों की धरोहर और एकता का प्रतीक बताते हुए कहा, "पड़हा जतरा न केवल हमारी संस्कृति की पहचान है, बल्कि यह समाज को जोड़ने का मजबूत माध्यम भी है।" उन्होंने उपस्थित जनसमूह से नशा, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने, तथा शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। साथ ही जतरा स्थल पर मंच निर्माण की घोषणा कर लोगों को बड़ी सौगात दी।



### संपूर्ण आयोजन में दिखा आदिवासी संस्कृति का रंग

कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजन समिति ने पारंपरिक रीति-रिवाज से अतिथियों का स्वागत किया। मंच से कई वक्ताओं ने जतरा के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित किया कि आदिवासी परंपराएं आज भी जीवंत और संगठित हैं।



# गुमला में 24 घंटे के भीतर पांच लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश, सभी को मिला इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिला में आत्महत्या की प्रवृत्ति एक बार फिर चिंता का विषय बनकर सामने आई है। बीते 24 घंटों के भीतर जिले में पांच लोगों ने अलग-अलग कारणों से जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गनीमत रही कि समय रहते सभी को अस्पताल पहुंचा दिया गया और इलाज के बाद शनिवार देर शाम सभी को छुट्टी दे दी गई।

पहली घटना पालकोट थाना क्षेत्र के रेंगोला गांव की है, जहां 45 वर्षीय बिरसू सिंह ने पारिवारिक तनाव के चलते कीटनाशक पी लिया। वहीं, हंस दोन गांव के 60 वर्षीय सीताराम गोप ने भी घरेलू विवाद में सब्जी में डालने वाला कीटनाशक सेवन कर लिया। दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद हालत में सुधार हुआ। तीसरी घटना गढ़ सरू गांव की है, जहां 15 वर्षीय एक किशोरी ने परिजनों की डांट से आहत होकर उर्वरक खा लिया। चौथी घटना घाघरा थाना क्षेत्र के गुनिया गांव की है, जहां 22 वर्षीय दीपिका कुमारी ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, दीपिका के इस कदम के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पांचवीं और सबसे चौंकाने वाली घटना सदर थाना क्षेत्र के बृंदा गांव की है, जहां 24 वर्षीय संजीव उरांव ने कीटनाशक खाते हुए एक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद तत्काल उसे अस्पताल लाया गया, जहां उसे बचा लिया गया। इन घटनाओं ने जिला प्रशासन और समाज दोनों के सामने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं और ग्रामीण समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता की कमी है। जरूरी है कि समय रहते काउंसलिंग और सामाजिक समर्थन प्रणाली को मजबूत किया जाए ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# गुमला थाना प्रभारी से भाजपाइयों ने की शिष्टाचार मुलाकात, नशा, चोरी व ट्रैफिक जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली से भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सदर थाना क्षेत्र में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, शहर में हो रही चोरी की घटनाएं, ट्रैफिक अव्यवस्था और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने भरोसा दिलाया कि पुलिस जनहित में हरसंभव कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस को आमजन का सहयोग जरूरी है। जनता और पुलिस के आपसी समन्वय से ही एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर गुमला का निर्माण संभव है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने भी पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि जनहित के मुद्दों पर पार्टी पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला महामंत्री यशवंत सिंह, पूर्व अध्यक्ष सबिन्द्र कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद, सागर उरांव, विकास कुमार सिंह, बल्केश्वर सिंह, विपिन सिंह, कौशलेंद्र जमुवार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूटी-बाइक की टक्कर, कुलमुंडा के दो युवक घायल

**गुमला।** गुमला जिला के उर्मी चौक, रायडीह बायपास रोड पर तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर में कुलमुंडा निवासी दो युवक घायल हो गए। घायलों में राजू एक्का की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सदर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से बसिया से लौट रहे थे। जैसे ही वे उर्मी चौक के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक स्कूटी बिना किसी इंडिकेटर या सिग्नल दिए अचानक डुमरडीह की ओर मुड़ गई। इससे बाइक और स्कूटी के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। स्कूटी सवार तीन युवकों को भी हल्की चोटें आई हैं। यह हादसा एक बार फिर गुमला में सड़कों पर बढ़ती लापरवाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी को उजागर करता है।

### पालकोट के 9 पंचायतों में गूंजा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान'

# 1276 किसानों ने अपनाए वैज्ञानिक खेती के गुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के पालकोट प्रखंड की नौ पंचायतों में आज आयोजित 'विकसित कृषि संकल्प अभियान ' ने ग्रामीण अंचल में उत्साह भर दिया। राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान, नामकुम–रांची के निदेशक डॉ. अभिजीत कर्ण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और आदिवासी समाज की पारंपरिक कृषि विरासत की सराहना करते हुए कहा, "लाह की खेती आदिवासी समाज के लिए सोने के समान है; वैज्ञानिक तकनीक से जुड़ते ही इसकी चमक और बढ़ सकती है।

कार्यक्रम का समन्वय कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला एवं आत्मा गुमला ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, प्रखंड-स्तरीय कृषि पदाधिकारी और किसान मित्रों की सक्रिय भूमिका ने इसे संवाद और सहकार्य का जीवंत मंच बना दिया। डॉ. कर्ण ने अपनी समापन टिप्पणी में कहा की पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगम ही वह राह है जो आदिवासी-प्रधान गुमला को समृद्ध और आत्मनिर्भर बना सकता है।




### प्रमुख बिंदु

- मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार (प्रधान वैज्ञानिक व प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र – गुमला) ने मोटे अनाज (मिलेट्स) और उन्नत धान की संभावनाएँ बताकर जलवायु परिवर्तन के दौर में इनकी महत्ता रेखांकित की।
- डॉ. योगेन्द्र कुमार ने उन्नत बीज किस्मों व कृषि यंत्रीकरण, डॉ. घोष ने जल संरक्षण व मृदा-स्वास्थ्य प्रबंधन, जबकि डॉ. निशा ने महिला कृषक सशक्तीकरण पर व्यावहारिक सुझाव दिए।
- 1276 किसान (महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी) ने वैज्ञानिकों से सीधा संवाद कर बीज उपचार, कीट प्रबंधन, जैविक खेती, अंतरवर्तीय फसल प्रणाली तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं पर समाधान प्राप्त किए।
- कार्यक्रम में प्रस्तुत 'विकसित कृषि संकल्प गीत' ने किसानों में नई ऊर्जा का संचार किया।

# श्री सर्वेश्वरी समूह के युवाओं ने देवी मंदिर में सेवा कार्य कर बिखेरा समाज सेवा का उजाला




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** श्री सर्वेश्वरी समूह, शाखा गुमला के युवा संगठन ने सेवा और समाजहित के संकल्प के साथ सिसई प्रखंड के रेड़वा पंचायत अंतर्गत बिरकेरा गांव में पौराणिक ग्राम देवी मंदिर की सफाई कर पूजा-अर्चना के साथ सेवा कार्य का शुभारंभ किया। मंदिर प्रांगण की सफाई के पश्चात सामूहिक रूप से देवी माँ की विधिवत पूजा की गई।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने गांव के 40 जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पेन, पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स और अल्पाहार का वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को नए वस्त्र और पूजन सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की शांभवी सौम्या ने बच्चों को विद्या के महत्व के साथ जीवन में अनुशासन, गलत संगत से बचाव और नशे से दूरी रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अच्छी शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। वहीं स्नेहा गुप्ता ने विशेष रूप से किशोरियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने ग्राम देवी पूजा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसी पूजा-पाठ से गांव में सुख, समृद्धि और मानसिक शांति का वातावरण बनता है।

इस पुनीत अवसर पर संगठन के सक्रिय सदस्य – विभा कुमारी, सलोनी गुप्ता, दीक्षा कुमारी, नीलम देवी, आकांक्षा, किरण देवी, पंकज कुमार, धर्म सागर खड़िया, आदर्श कुमार, अनिल यादव, प्रिंस कुमार, अमन गुप्ता, रोहित कुमार गुप्ता, भदेश्वर उरांव सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

